Cromtiv

ನೋಂದಣಿ ಸಂಖ್ಯೆ :
Registration No. :

3041490

V1 – 2026

ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ / Subject Code: 03 (NS)

# ಹಿಂದಿ / HINDI

[ಸಮಯ: 3 ಗಂಟೆಗಳು]
[Time : 3 Hours]

[ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 42]
[Total No. of questions : 42]

[ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80]
[Max. Marks : 80]

**सूचना :**

1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।
2. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।
3. प्रश्न पत्र 'क', 'ख', 'ग', 'घ' इन चार खण्डों में विभाजित है।
4. खण्ड – 'क' के प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर, जो पहली बार लिखा गया हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा।

## खण्ड – 'क'

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए : **(10 × 1 = 10)**

1) घर में इनका राज होता है –

i) सुजान का ii) भोला का
iii) जो कमाता है iv) जो दान देता है

2) चीफ की दावत इनके घर पर थी –

i) दीननाथ ii) शामनाथ
iii) विश्वनाथ iv) रामनाथ

3) इस्पात का कारखाना विश्वेश्वरय्या के पर्यवेक्षण में यहाँ निर्मित हुआ था –

i) मद्रास  ii) बेंगलूरु

iii) भद्रावति  iv) मैसूर

4) ममता कालिया अंतरराष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन में भाग लेने इस ईसवी में गई थीं –

i) ई. 2020  ii) ई. 2015

iii) ई. 2010  iv) ई. 2005

5) बेटी इन्हें गहने मानती है –

i) पिता को  ii) माता के मातृत्व को

iii) रंगीन कपड़ों को  iv) सुंदरता को

6) दादाजी के अनुसार उनका परिवार इस पेड़ के समान है –

i) बरगद  ii) आम

iii) अशोक  iv) नारियल

7) मिश्रानी को इसने काम से हटा दिया –

i) छोटी भाभी  ii) मँझली बहू

iii) बड़ी भाभी  iv) बेला

8) 'पंजाब केसरी' इन्हें कहा जाता है –

i) दिलीप सिंह  ii) गोविंद सिंह

iii) रणजीत सिंह  iv) लाला लाजपत राय

9) 'धर्म के काम में मीन – मेष निकालना अच्छा नहीं' प्रस्तुत वाक्य किसने कहा?

i) सुजान ने  ii) भोला ने

iii) शंकर ने  iv) बुलाकी ने

10) 'यू हैव मिस्ड समथिंग' वाक्य इस पाठ से है –

i) सुजान भगत  ii) गंगा मैया से साक्षात्कार

iii) चीफ़ की दावत  iv) एक कहानी यह भी

आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिह्नों से रिक्त स्थान भरिए : **(5 × 1 = 5)**

(में, का, की, से, पर, को)

11) कॉलेज ____________ प्रिंसिपल का पत्र आया।

12) पुस्तकालय ____________ बहुत सी किताबें हैं।

13) मेज़ ____________ पुस्तक रख दो।

14) वह अपने गुरु ____________ इज्जत करता है।

15) पीड़ितों ____________ दान दो।

इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : **(5 × 1 = 5)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16) a) | मक्खी मारना | i) | आमदनी बढ़ना |
| b) | कंचन बरसना | ii) | अहं उतारना |
| c) | थू-थू करना | iii) | भाग जाना |
| d) | लू उतारना | iv) | गुस्सा करना |
| e) | नौ दो ग्यारह होना | v) | बेकार बैठना |
| | | vi) | बेइज्जती करना |

## खण्ड – 'ख'

II. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(2 × 3 = 6)**

17) हैदराबाद नवाब के सामने कौन-सी मुसीबत थी? उसका समाधान विश्वेश्वरय्या ने कैसे किया?

18) मनुष्य का परम धर्म क्या है? उसकी रक्षा कैसी करनी चाहिए?

19) 'फड़ोस – कल्चर' के बारे में मन्नू भण्डारी क्या कहती हैं?

20) गौतम बुद्ध की कांस्य प्रतिमा के बारे में लिखिए।

आ) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : **(2 × 3 = 6)**

21) 'बाबा, इतना मुझसे उठ न सकेगा।'

22) 'बेटा कारण अलग-अलग बताते हैं पर असली झगड़ा कुर्सी का है।'

23) 'माँ का क्या होगा?'

24) 'महाराज रिकार्ड सब ठीक हैं।'

III. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर लिखिए : **(1 × 3 = 3)**

25) श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कीजिए।

26) रहीमजी ने चिता और चिंता के अंतर को कैसे समझाया है? स्पष्ट कीजिए।

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर लिखिए : **(1 × 3 = 3)**

27) 'हो गई है पीर पर्वत सी' गजल का सारांश संक्षेप में लिखिए।

28) कवयित्री महादेवी वर्मा अमरों के लोक को क्यों ठुकरा देती है?

29) 'भारत की धरती' कविता में वर्णित दक्षिण प्रदेश की महत्ता को अपने शब्दों में लिखिए।

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : **(2 × 3 = 6)**

30) i) अब कैसे छूटै राम रट लागी।
प्रभु जी तुम चंदन हम पानी,
जाकी अंग-अंग बास समानी।

अथवा

ii) बढ़त बढ़त सम्पति-सलिलु, मन-सरोजु बढ़ि जाइ।
घटत-घटत फिरि न घटै, बरु समूल कुम्हलाई।।

31) i) धूप में, बारिश में,
गर्मी में, सर्दी में,
हमेशा चौकन्ना
अपनी खाकी वर्दी में

अथवा

ii) ले–देकर जीना क्या जीना?
कब तक गम के आँसू पीना?
मानवता ने सींचा तुझको
बहा युगों तक खून–पसीना।

## खण्ड – 'ग'

IV. अ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए : (1 × 5 = 5)

32) i) बेला की चारित्रिक विशेषताओं पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

अथवा

ii) दादाजी ने किस अभिप्राय से सबको बुलाया और क्या कहा?

आ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए : (1 × 4 = 4)

33) i) भारवि अपने पिता से क्यों बदला लेना चाहता था?

अथवा

ii) 'प्रतिशोध' एकांकी के उद्देश्य को अपने शब्दों में लिखिए।

## खण्ड - 'घ'

V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : (1 × 3 = 3)

34) i) आप यहाँ से वहाँ जाओ।

ii) एकता में बड़ा शक्ति है।

iii) यह एक इतिहासिक घटना है।

आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : (1 × 3 = 3)

35) i) शीला कपड़े धोती थी। (वर्तमान काल में बदलिए)

ii) भुवन गाना गाता है। (भूतकाल में बदलिए)

iii) माली पौधों को पानी दे रहा है। (भविष्यत् काल में बदलिए)

इ) अन्य लिंग रूप लिखिए : (1 × 3 = 3)

36) i) भैंस

ii) चुहिया

iii) पंडिताइन

ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : (1 × 3 = 3)

37) i) प्रतिदिन होने वाला

ii) रोगी का इलाज करने वाला

iii) हाथ से लिखा हुआ

उ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए : **(1 × 2 = 2)**

38) i) कर्म

ii) शासन

ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए : **(1 × 2 = 2)**

39) i) महत्वपूर्ण

ii) राष्ट्रीय

VI. अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(1 × 4 = 4)**

40) एकाग्रता मानव जीवन की सफलता की आधारशिला है। यह वह मानसिक शक्ति है, जिसके द्वारा हम अपने ध्यान को एक ही विषय या कार्य पर पूरी तरह स्थिर कर पाते हैं, जिससे हमारी कार्य क्षमता कई गुना बढ़ जाती है। एकाग्रता का महत्व केवल छात्रों के लिए ही नहीं है, जो परीक्षा में सफल होना चाहते हैं, बल्कि यह हर क्षेत्र के व्यक्ति के लिए आवश्यक है - चाहे वह वैज्ञानिक हो, खिलाड़ी हो या कलाकार। एकाग्रता के अभाव में मन भटकता रहता है, जिससे किया गया कार्य अधुरा, त्रुटिपूर्ण और समय लेने वाला बन जाता है। इसके विपरीत, जब हमारा मन पूरी तरह से किसी कार्य में लीन होता है तो हम जटिल से जटिल से समस्याओं का समाधान भी आसानी से खोज लेते हैं। एकाग्रता हमें अपने लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से देखने और उन्हें प्राप्त करने के लिए सही दिशा में प्रयास करने में सहायता करती है। योग, ध्यान और नियमित अभ्यास एकाग्रता को बढ़ाने के प्रभावी तरीकें हैं। वास्तव में जीवन में बड़ा लक्ष्य प्राप्त करने या किसी भी कौशल में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए एकाग्रता एक अनिवार्य मानसिक पूंजी है।

प्रश्न :

i) किसे जीवन की आधारशिला कहा गया है?

ii) मन भटकने से क्या होता है?

iii) योग, ध्यान और नियमित अभ्यास से क्या होता है?

iv) एकाग्रता कैसी पूंजी है?

आ) निबन्ध लिखिए : (1 × 4 = 4)

41) i) मनोरंजन के साधन।

अथवा

ii) चरित्र प्रमाण - प्राप्त करने हेतु अपने महाविद्यालय के प्राचार्य को आवेदन-पत्र लिखिए।

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : (1 × 3 = 3)

42) i) ನಾಳೆಯು ತಿಂಗಳ ಕೊನೆಯ ದಿನವಾಗಿದೆ.

Tomorrow will be the last day of the month.

ii) ನಾನು ಮಂಗಳೂರಿನಲ್ಲಿ ಒಂದು ವರ್ಷವಿದ್ದೆ.

I have lived in Mangalore for one year.

iii) ಮೊಬೈಲ್ ಫೋನಿಲ್ಲದೆ ನಾವು ಬದುಕಲಾರವೇ?

Can't we live without mobile phone?